**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 2239**
**गुरुवार 12 फ़रवरी, 2026/23 माघ, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**एटीसी के रिक्त पद**

**2239. श्रीमती जून मालियाः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स (एटीसी) की स्वीकृत संख्या तथा रिक्त पदों की संख्या का एटीसी-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में परिचालित एटीसी कर्मियों के प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या कितनी है तथा पिछले पाँच वर्षों के दौरान वर्ष-वार एवं प्रशिक्षण केंद्र-वार प्रशिक्षित एटीसी कर्मियों की संख्या कितनी है; और

(ग) क्या यह सच है कि कर्मियों की कमी के कारण कुछ प्रमुख परिचालन इकाइयों का विलय या बंद किया जाना पड़ा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क): भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा 5537 हवाई यातायात नियंत्रकों (एटीसीओ) के कुल स्वीकृत संख्या के माध्यम से हवाई यातायात का प्रबंधन किया जाता है। एटीसीओ की कुल रिक्तियां 1279 हैं।

(ख): एएआई के पास सात (7) प्रचालनरत एटीसी कार्मिक प्रशिक्षण केंद्र हैं, जिनमें तीन हवाई यातायात सेवा प्रशिक्षण संगठन (एटीएसटीओ) शामिल हैं, नामतः सिविल विमानन प्रशिक्षण महाविद्यालय (सीएटीसी), प्रयागराज, हैदराबाद प्रशिक्षण केंद्र (एचटीसी), हैदराबाद और राष्ट्रीय विमानन प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान (एनआईएटीएएम), गोंदिया और दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में स्थित चार क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र (आरटीसी)। पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रशिक्षित एटीसी कर्मियों की संख्या का वर्ष-वार और प्रशिक्षण केंद्र-वार ब्यौरा अनुलग्नक में संलग्न है।

(ग): हवाई यातायात नियंत्रक अधिकारियों (एटीसीओ) की तैनाती भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा जारी वॉच ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (डब्ल्यूडीटीएल) पर नागर विमानन अपेक्षाओं (सीएआर) के आधार पर की जाती है जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप और हवाईअड्डों पर हवाई यातायात की मात्रा के अनुसार भी है ताकि सुरक्षित और कुशल हवाई यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। विमानन संरक्षा को मौजूदा मानदंडों और मानकों के अनुसार उपलब्ध मैनपावर के इष्टतम उपयोग के माध्यम से बनाए रखा जाता है। मैनपावर में कमी के कारण कोई भी प्रमुख प्रचालनरत इकाई बंद नहीं की गई ह

दिनांक 12.02.2026 के लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 2239 के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

| वित्त वर्ष | सीएटीसी, प्रयागराज | एचटीसी, हैदराबाद | एनआईएटीएएम, गोंदिया | आरटीसी दिल्ली | आरटीसी मुंबई | आरटीसी कोलकाता | आरटीसी चेन्नई | कुल वर्ष-वार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 370 | 57 | 65 | 78 | 659 | 555 | 481 | **2265** |
| 2022-23 | 811 | 117 | 225 | 85 | 702 | 1032 | 563 | **3535** |
| 2023-24 | 1087 | 164 | 322 | 60 | 809 | 874 | 667 | **3983** |
| 2024-25 | 708 | 268 | 209 | 136 | 864 | 919 | 930 | **4034** |
| 2025-26 (आज की तिथि तक) | 891 | 322 | 193 | 662 | 655 | 992 | 605 | **4320** |

******